तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024



11 खेलो इंडिया में अपर्णा व दीपिका ने जीता स्वर्ण पदक





12 नागरिक अस्पताल में किया प्रदर्शन किडनी ट्रांसप्लांट करने की मांग




## खबर संक्षेप

### हादसे में घायल युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में गांव बढ़मलिक के पास सब्जी लेने जा रहे युवक को मोटरसाइकिल सवार ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। विनोद (35) पड़पड़ गंज सीतापुर हाल में बढ़मलिक फैक्टरी में नौकरी करता था। अपने दोस्त के साथ सब्जी लेने के लिए जा रहा था। औद्योगिक क्षेत्र के पास तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### पेड़ पर फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**सोनीपत।** संदिग्ध हालत में प्लॉट के अंदर नीम के पेड़ पर किशोर का शव लटका हुआ मिला। गांव मोहाना निवासी अमन ने बताया कि उसका भाई अरमान (16) घेवर बनाने का काम करता था। वह अपने दोस्त की शादी में गांव में आया हुआ था। सुबह प्लॉट में नीम के पेड़ पर उसका शव लटका हुआ मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### स्किट प्रतियोगिता में धनाना की टीम प्रथम

**गोहाना।** शिक्षा विभाग के कानूनी शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को गांव कथूरा के राजकीय विद्यालय में खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं करवाई गईं। स्किट प्रतियोगिता में गांव धनाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम प्रथम रही। टीम में छात्रा अंजलि, लक्ष्मी, रुसखार और अन्य छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। विजेता टीम अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। टीम ने विद्यालय की कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के इंचार्ज एवं डीपीई रणबीर भौरिया के नेतृत्व में भाग लिया। विद्यालय लौटने पर प्राचार्य बलजीत सहारन ने टीम की छात्राओं और इंचार्ज को सम्मानित किया। विद्यालय की छात्राओं ने पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### सुप्रीम कोर्ट में 29 से स्पेशल लोक अदालत

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव मीनू ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार 29 जुलाई से शनिवार 3 अगस्त तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे 28 जुलाई से पहले स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर में संपर्क कर सकती हैं। इसके तहत स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी।

### शिक्षकों का आरोप, विश्वविद्यालय को बर्बाद करने में जुटा प्रबंधन

# डीसीआरयूएसटी शिक्षकों ने विवि प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

- लोस चुनाव से पूर्व दिया था मांगों को पूरा करने का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीचिंग एसोसिएशन डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। डीक्रूटा ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन विश्वविद्यालय को बर्बाद करने पर जुटा हुआ है।

डीक्रूटा ने विश्वविद्यालय को बचाने के लिए व लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन से रिसर्चर व छात्र, गैर शैक्षणिक व शैक्षणिक कर्मचारी परेशान है। गौरतलब है कि डीक्रूटा को विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लोकसभा चुनाव से पूर्व आश्वासन दिया था कि लंबित मांगों को पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन के कान पर जू भी नहीं रेंगती।

डीक्रूटा का कहना है कि जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षकों की लंबित मांगों को पूर्ण नहीं करता, तब तक शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रशासनिक भवन में जारी रहेगा।



सोनीपत। मुरथल विवि में धरना देते हुए डीक्रूटा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। डीक्रस्ट में धरना देते हुए गैर शिक्षक कर्मचारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### गैर शिक्षक कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। अब विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी कुलपति के खिलाफ अपना मोर्चा खोल दिया है। शिक्षक यूनियन ने डॉ. सुरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में कुलपति की तानाशाही नीतियों के विरोध में नारेबाजी की व धरनारत कर्मचारियों और शोधार्थियों की मांगों का समर्थन किया। इस मौके पर कर्मचारियों के प्रधान आनंद राणा ने बताया कि कुलपति के अड़ियल रवैये से विश्वविद्यालय का प्रत्येक वर्ग (शिक्षक, गैर शिक्षक व विद्यार्थी) परेशान है। नए कुलपति आए थे तो सोचा था कि विश्वविद्यालय की बागडोर एक अच्छे और सुलझे हुए व्यक्ति के हाथ में गई है, जिससे यूनिवर्सिटी का भला होगा, लेकिन इन्होंने तो आकर विश्वविद्यालय का जैसे बंटाधार ही कर दिया है। कोई भी काम समय पर नहीं होता है, किसी भी फाइल को बिना अटकाए उनके मन को शांति ही नहीं मिलती है। प्रतीत होता है कि इनको फाइलों को अटकाने में खुशी महसूस होती है। इनकी नीतियों के कारण विश्वविद्यालय के हालत दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। राणा ने कहा कि अब विश्वविद्यालय का कर्मचारी इस तानाशाही को और बर्दाश्त नहीं करेगा। अब शिक्षक वर्ग के साथ मिलकर आंदोलन की आगे की रूपरेखा तैयार की जाएगी व जब तक मांगे पूरी नहीं होती, धरना जारी रहेगा।

### शोधार्थियों के धरने को संत गोपालदास का समर्थन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थियों का धरना सातवें दिन में प्रवेश कर गया। मंगलवार को धरनारत शोधार्थियों को समर्थन देने के लिए संत गोपालदास के साथ पिनाना से पुरानी मित्र मंडली के सदस्य पहुंचे। मंडली के सदस्य ने धरनारत शोधार्थियों को प्रसाद के रूप में घेवर बांटते हुए कहा कि शोधार्थियों की सारी मांग जायज हैं और प्रशासन को जल्द से जल्द यें पूरी करनी चाहिए ताकि शिक्षा और अनुसंधान का माहौल कायम किया जा सके। यह निर्णय हुआ कि प्रशासन की सदबुद्धि के लिये बुधवार को बुद्धि सुद्धी यज्ञ का आयोजन होगा। शुक्रवार को हुई मीटिंग में अधिकारियों ने वायदा किया था कि सोमवार तक कुलपति नोटिस निकाल कर समस्याओं का समाधान करेंगे। लेकिन कुलपति तो कार्यालय में भी नहीं आए। शोधार्थियों ने सर्वसम्मति से तय किया कि मांगे पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। उधर, इनसो छात्र संगठन की ओर से दीपक मलिक व शुभम नैन ने धरनास्थल पर पहुंचकर शोधार्थियों को समर्थन दिया व कहा कि हम शोधार्थियों के साथ है। विश्वविद्यालय प्रशासन इनकी मांगों को तुरंत प्रभाव से मानकर धरना सम्मानपूर्वक समाप्त कराने का काम करें।

# एचएसवीपी कर्मियों ने मुख्य प्रशासक का पुतला फूंका



सोनीपत। पुतला फूंकते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हुडा जनस्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों का प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक टीएल सतप्रकाश का पुतला फूंकते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने किया, वहीं नेतृत्व जिला प्रधान एवं मिड-डे मील वर्कर कुक यूनियन की जिला प्रधान मीना सैनी ने किया। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि उक्त अधिकारी तानाशाही रवैया अपनाए हुए है। यूनियन की ओर से दर्जनों बार अधिकारियों को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है, इसके बावजूद आज तक उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ। इसी वजह से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस दौरान सुरेश रोहिल्ला, मीना सैनी, विजेंद्र कुमार शर्मा, महावीर नागर, टीनू मदान, पुष्कर नागर, ध्रुव कुमार, विजेंद्र कुमार रिवाल, राजकुमार, सुरेंद्र रंगा, पुष्पेंद्र शर्मा, समे सिंह. समेश कुमार, रमेश लहराड़ा, जोगेंद्र सिंह, प्रकाश नागर, धर्मवीर वैष्णव, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारियों ने किया भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के आवास पर प्रदर्शन



**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना यूनियन ने 12वें दिन भी प्रदर्शन। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने की और प्रदर्शन का संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा ने किया। मंगलवार को प्रदर्शनकारी सेक्टर 14 से होते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के आवास पर पहुंचें। जहां पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ठेका सफाई कर्मचारियों को पे-रोल पर लेने की मांग उठाई। इस दौरान मोहन लाल बड़ौली के निजी सचिव को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बुधवार को प्रदर्शनकारी पंचायत भवन में इकट्ठा होंगे। इसके बाद उपायुक्त कार्यालय पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगें। इस अवसर पर प्रधान मुकेश, सचिव सावन कुमार, कोषाध्यक्ष अजय, सह-सचिव बलजीत, उपप्रधान रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# पटवारी की पिटाई, राजस्व रिकॉर्ड उठाकर बाहर फेंका

- समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे पटवारी
- पुलिस ने पीड़ित पटवारी की शिकायत पर दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हैबिटेट क्लब में पटवारी के साथ पिटाई करने व राजस्व रिकार्ड उठाकर फेंकने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पटवारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले में दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के पदाधिकारी समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) नरेंद्र सिंह से मिलकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर डीसीपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### यह है मामला

जैनपुर सर्कल के पटवारी अशोक ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार शाम करीब सवा चार बजे हैबिटेट क्लब स्थित कार्यालय में थे। इस दौरान गांव मच्छरौला निवासी बलबीर वहां आया था। उसने न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी एवं नायब तहसीलदार के आदेश की कॉपी दी और स्वयं तैयार करवाकर लाए गए नक्शे पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा। इस पर उन्होंने आपत्ति जताई और कार्यालय रिकार्ड के नक्शे से मिलान कर खुद नक्शा तैयार करने की बात कही। जिस पर आरोपी भड़क गया। वह गाली-गलौज करने लगा। उन्होंने टोका तो वह मेज पर रखे रिकार्ड को इधर-उधर फेंकने लगा। वह उनकी पिटाई करने लगा और जिस पर उन्होंने खुद को मशक्कत से बचाया। मंगलवार को दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सन्नी दहिया के साथ कानूनगो व पटवारी समाधान शिविर में पहुंचे। उन्होंने एडीसी व डीसीपी के सामने मुद्दा उठाया। सन्नी दहिया का कहना है कि डीसीपी ने उन्हें 24 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। डीसीपी नरेंद्र का कहना है कि चौकी प्रभारी को निर्देश दिए हैं।

### साइबर ठगी के दोषी को दो साल की कैद

**सोनीपत।** न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) मानसी गौड़ ने साइबर ठगी के आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को दो साल कैद की सजा सुनाई है। वहीं 18 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। माडल टाउन सोनीपत निवासी करन ने पुलिस को बताया था कि वह आईटी कंपनी में कार्यरत है। उनके बैंक खाते में अचानक तीन नए लाभार्थी जोड़ दिए गए। जिनके नाम स्वप्न दास, छत्तर अली और तापसी ब्रमन थे। जब उन्हें पता लगा तो उन्होंने बैंक में कॉल की। उन्होंने अपने रुपये की एफडी करने को बोल दिया। आधे घंटे बाद उनके पास मैनेजर ने कॉल कर बताया कि साइबर ठगों ने उनके खाते से 6.99 लाख रुपये निकाल लिए हैं। बाद में मामले में पुलिस ने पश्चिमी बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर स्थित मध्य राम कृष्णा पुर निवासी नूर इस्लाम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी नूर इस्लाम को दोषी करार दिया। उसे दो साल कैद व 18 हजार रुपये जुर्माने की सजा दी गई है।

### डीईओ ने सिसाना, सैदपुर व फरमाणा में किया निरीक्षण

# स्कूल में 12 में से सात शिक्षक गैरहाजिर मिले


- बीईओ को गैर हाजिर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को सिसाना, सैदपुर और फरमाणा के राजकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूलों में कई खामियां मिली। विशेषतौर पर खरखौदा खंड के गांव फरमाणा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निरीक्षण के दौरान केवल 7 शिक्षक ही अनुपस्थित मिले, जबकि स्कूल में 12 शिक्षकों की ड्यूटी है। प्रार्थना सभा में भी विद्यार्थियों की संख्या में कमी दर्ज की गई। जिस पर डीईओ ने फटकार लगाते हुए बीईओ को गैर हाजिर रहे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने बताया कि गांव फरमाणा स्थित राजकीय स्कूल में शिक्षकों के गैर हाजिर रहने की कई बार शिकायत मिली थी। इसी वजह से उन्होंने मंगलवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा, खंड शिक्षा अधिकारी सुजाता खत्री और सहायक परियोजना समन्वयक रूपेंद्र पूनिया के साथ स्कूल का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। अधिकारी सुबह आठ बजे से पहले ही स्कूल में पहुंच गए थे। अंग्रेजी अध्यापिका सीमा, विज्ञान अध्यापिका रेणू मलिक, राजनीति विज्ञान अध्यापिका अनीता, जैव विज्ञान की अध्यापिका मीनाक्षी, रसायन विज्ञान अध्यापिका नीलम, संस्कृत अध्यापक सुरेश व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परमेश्वरी गैर हाजिर मिले। निरीक्षण के दौरान टीम अधिकारियों ने प्रार्थना सभा के बाद रजिस्टर की जांच की गई तो वह अधूरा मिला। कुछ विद्यार्थियों से फीस लेने के बाद भी जमा नहीं करवाई गई थी। जिस पर डीईओ ने नाराजगी जताते हुए रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश दिए।



सोनीपत। निरीक्षण करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण।

# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*

### ऐसा रहा प्रदर्शन

#### एसबीआई कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%



- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़

#### इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

#### कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

- निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा
- क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया
- क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा
- सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।



### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

## लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

रिकॉर्ड
बिजनेस डेस्क

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोने का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

## जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर ब्रायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नजर आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेजी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी जरूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में मंगलवार को कानूनी साक्षरता कार्यक्रम के तहत खंड स्तरीय प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। मार्गदर्शन बीईओ अनिल शियोराण का रहा। उनके अनुसार कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बाल-विवाह, यौन-हिंसा, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, मानव अधिकार व कन्या भ्रण हत्या आदि विषयों बारे विद्यार्थियों को जागरूक करना है।

### मांगों को लेकर संयुक्त रूप से लड़ेंगे आंदोलन

**सोनीपत।** जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने ब्लॉक समिति यूनियन के प्रदेश संयोजक सुनील जोगी किशनपुर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष खुशीराम डूडा ने मुलाकात की। इस अवसर पर जिला पार्षद नरेंद्र, देवेंद्र, पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप आदि उपस्थित रहे। संजय ने कहा कि पंचायती राज में सबसे बड़ी कड़ी जिला परिषद एवं ब्लॉक समिति सदस्यों को अधिकार नहीं मिलने के कारण अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य करवाने में सक्षम नहीं है। जिस कारण जिला परिषद सदस्य और ब्लॉक समिति सदस्यों को गांव में जाना दुर्बल हो गया है।

### शिविर में 70 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट द्वारा सोमवार को शहर में सोनीपत मोड स्थित भगवान परशुराम चौक में आयोजित साप्ताहिक शिविर में 3 महिलाओं समेत 70 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में पांच युवाओं ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि समाजसेवी सोमनाथ तनेजा रहे। अध्यक्षता उषा गगनेजा ने की और संयोजन रक्तदान व नेत्रदान को समर्पित गोहाना की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा।

### 165 शिकायतें आई, 6 का मौके पर समाधान

**सोनीपत।** प्रदेश सरकार के निर्देशों पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में मंगलवार को भी समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय समाधान शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने की। अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष 165 शिकायतें रखी गई, जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया। अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने दिया सांकेतिक धरना

**खरखौदा।** मंगलवार को खरखौदा के सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना दिया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे। वहीं एसएमओ डा. सतपाल की तरफ से अस्पताल प्रांगण में बैठ कर मरीजों की जांच की गई। वहीं क्षेत्रवासियों ने चेताया है कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो उनकी तरफ से अस्पताल के गेट पर ताला जड़ दिया जाएगा। एसएमओ डा. सत्यपाल का कहना है कि कमरा नहीं होने के कारण उन्हें बाहर बैठकर रोगियों की जांच करनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर धरना भी दिया।

## पंजाब के पटियाला में खेलो इंडिया नॉर्थ जोन चैंपियनशिप का आयोजन

# खेलो इंडिया वुमन वुशू चैंपियनशिप में अपर्णा व दीपिका ने जीता स्वर्ण पदक

### विद्यालय प्रागंण में पहुंचने पर पदक विजेताओं का भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पंजाब के पटियाला में आयोजित खेलो इंडिया नॉर्थ जोन वुमन वुशू चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा की अपर्णा ने 52 किग्रा भारवर्ग में व दीपिका ने 56 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल खरखौदा का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर अपर्णा व दीपिका का चयन नेशनल खेला इंडिया वुमन वुशू चैम्पियनशिप के लिए चयन हुआ है। अपर्णा व दीपिका का विद्यालय प्रागंण में पहुंचने पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया व वुशु कोच विनोद गुलिया ने स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि अपर्णा व दीपिका दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं। अपर्णा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 बार पदक जीतकर व दीपिका 1 बार पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। नेशनल में अपर्णा 6 बार व दीपिका 9 बार पदक जीत चुकी है। खिलाड़ी अपर्णा के पिता बिजेन्द्र जोकि किसान हैं, ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा व खेलों की सुविधा के कारण ही उन्होंने 7 साल पहले अपनी बेटी अपर्णा का प्रवेश प्रताप विद्यालय में करवाया था। आज अपर्णा शिक्षा में मैरिट व खेलों में अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पद पदक प्राप्त कर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। विजेता अपर्णा व दीपिका ने बताया कि वे विद्यालय में सुबह-शाम वुशु कोच विनोद गुलिया व इशु की देख-रेख में खेल का अभ्यास कर रही हैं।



खरखौदा। विजेता खिलाड़ी अपने पदकों के साथ। फोटो :हरिभूमि


सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### मानवी और हर्ष मलिक ने ताइक्वाइंडों में जीता स्वर्ण

**सोनीपत।** जैन विद्या मंदिर स्कूल सोनीपत, में ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें मालवीय शिक्षा सदन के ताइक्वांडो के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा 11वीं की छात्रा मानवी ने जूनियर केटैगरी अंडर 46 किलोग्राम भार और हर्ष मलिक (कला संकाय) ने जूनियर केटैगरी अंडर 58 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं दूसरी और कक्षा आठवीं ब की छात्रा नैंसी और कक्षा नौवीं के छात्र अंश खत्री ने कैडेट कैटेगरी में अंडर 43 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। ये सभी छात्र स्टेट चैंपियनशिप इंडिया फेडरेशन ऑफ़ ताइक्वांडो के लिए चुने गए। वहीं ब्राइट स्कॉलर स्कूल सोनीपत, में जिला स्तरीय स्केटिंग रोल बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया।

### खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन

**खरखौदा।** राजकीय कन्या वमावि, खरखौदा में खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्राचार्या नीलम दलाल ने किया। खंड के राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में अलग-अलग 10 प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई थी। जिनमें कविता गायन, भाषण, डिबेट, स्लोगन लेखन, पेंटिंग, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म और स्किट थी। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जो खण्ड स्तर से राज्य स्तर तक होता है। इस प्रतियोगिता में 9 वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र भाग लेते हैं।


राई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक करते पार्षद पुनीत राई।

## स्वयं सहायता सूमह से ग्रामीण महिलाएं आज सशक्त : पुनीत

- लिवान में निगम महिला कर्मचारियों ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

नगर निगम के वार्ड 8 गांव लिवान में नगर निगम की तरफ से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया गया। निगम की तरफ आई कर्मचारी बबीता व रितु ने जागरूक किया। कार्यक्रम में वार्ड के निगम पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने शिरकत की। पुनीत राई ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज घर के दहलीज से बाहर नहीं निकलने वाली महिलाएं समूह निर्माण कर परिवार के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज ग्रामीण महिला खासकर जो आर्थिक रूप से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ी थी। वैसी महिला इस योजना में शामिल होकर न केवल अपना सम्मान और प्रतिष्ठा समाज में बढ़ाया बल्कि परिवार के विकास में भी अपनी भूमिका निभा रही है। पुनीत राई ने कहा कि महिला साक्षर बनीं फिर जीविका से जुड़कर आत्म निर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इस मौके पर सूमह की काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

### अस्पताल में 196 मरीजों का किया निःशुल्क चेकअप

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग स्थित होशियार सिंह मेमोरियल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। यह जानकारी देते हुए डॉक्टर सतबीर सिंह दहिया ने बताया कि इस दौरान 196 मरीजों का चेकअप किया गया। ऑपरेशन से संबंधित रोगों का डॉक्टर रजत केलकर, स्त्री एवं प्रसूति रोगों से संबंधित मरीजों का डॉ. मोनिका दहिया द्वारा, नाक-कान-गला ईएनटी संबंधित रोगों का डॉ नीरज अग्रवाल द्वारा, सामान्य रोग संबंधित मरीजों का डॉक्टर हेमंत शर्मा व डॉ. प्रमोद द्वारा निःशुल्क चेकअप व उपचार किया गया।

## 84 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

- गांव अहीर माजरा में किया गया चिकित्सा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

आयुष विभाग द्वारा 14 सितंबर तक वृद्धावस्था चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को अहीर माजरा में शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर बलविंद्र ने बताया कि कैंपों से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, क्योंकि विभाग द्वारा हर गांव में जाकर लोगो के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन चिकित्सा शिविरों में जरूरतमंद लोगों को निशुल्क आयुष विभाग द्वारा इवाईयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी अधिकारी डा. बलविंद्र सिंह ने बताया कि 14 सितंबर तक आयोजित होने वाले इन चिकित्सा शिविरों में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, यूनानी पैथी से मरीजो का ईलाज किया जाएगा और उन्हें निशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों एवं महिलाओं का उपचार किया गया। शिविर में मरीजों को इस मौसम के मुताबिक खान-पान की जानकारी तथा योग सहायकों द्वारा बिमारियों से संबंधित सूक्ष्म क्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान करीब 84 लोगो के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर डॉक्टर रजनीश, डॉक्टर पुनीत गांधी, फार्मासिस्ट मुकेश, आदर्श, पूजा, प्रोमिला व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।


गन्नौर। स्वास्थ्य जांच करते डा. बलविन्द्र व पुनीत गांधी। फोटो :हरिभूमि

### गोशाला में चारे का प्रबंध किया

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत मिडटाउन ने फाजिलपुर गांव में गौशाला में पंखे दान किए और गायों के चारे का प्रबंध किया। क्लब के सदस्यों ने इस नेक काम में हिस्सा लिया और मिलकर गायों की सेवा की। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष राजीव तनेजा ने कहा कि यह कार्य हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। कार्यक्रम में क्लब के प्रमुख सदस्यों सेक्रेटरी एडवोकेट कमल वर्मा, पूनम वर्मा, रविंद्र भारद्वाज, पूजा भारद्वाज, संदीप जेटली, मधुलिका, अंजू तनेजा, आदि ने हिस्सा लिया और इस नेक पहल के प्रति अपना समर्थन और योगदान व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने क्लब के इस कार्य की सराहना की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणा बताया।

## मुख्यमंत्री का बीसी-बी आरक्षण का ऐतिहासिक फैसला : परमवीर सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा के जिला महामंत्री एवं पूर्व जिला पार्षद परमवीर सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ में हुई केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बीसी-बी समाज के आरक्षण का एतिहासिक निर्णय लिया। इस वर्ग को पंचायत व नगर निकाय चुनाव में पांच प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से इस वर्ग के लोग अब राजनीति में आगे बढ़ सकेंगे।परमवीर सैनी ने कहा कि बीसी ए वर्ग के लिए पहले ही पंचायत व नगर निकाय चुनाव में आठ प्रतिशत आरक्षण लागू है। अब बीसी बी को भी आरक्षण दिया गया। नौकरियों में भी आरक्षण को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया गया। इससे पहले क्रीमीलेयर की शर्त को छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा चुका है, जिसमें कृषि आय भी नहीं जोड़ी जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री सरपंचों को भी काम करवाने की छूट दे चुके हैं। इस मौके पर अनिल सैनी, सुरेंद्र, प्रवीन, राकेश मौजूद रहे।


गोहाना। जिला महामंत्री परमवीर सैनी अपने सहयोगियों के साथ। फोटो :हरिभूमि


गोहाना। ग्रामीणों व विद्यार्थियों के साथ पौधे लगाते भाजपा नेता जगमेंद्र जौली।

### एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**गोहाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पौधा मां के नाम के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पार्षद जगमेंद्र जौली ने गांव जौली में पौधारोपण किया। पौधे गांव स्थित राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के हाथों से लगवाए गए। पौधारोपण में गांव के लोगों ने भी अपन सहयोग दिया और पौधों को संभालने की जिम्मेवारी ली। भाजपा नेता जगमेंद्र ने कहा कि आज देश में पेड़ों की भारी कमी है। पेड़ों की कमी के चलते प्रकृति को भारी नुकसान पहुंच रहा है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस बार गर्मी के मौसम में तापमान 48 डिग्री तक पहुंच गया था। अगर हमने पर्यावरण संरक्षण की तरफ ध्यान नहीं दिया तो तापमान लगातार बढता जाएगा और लोगों का जीवन मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पेड़ों की कमी को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पौधा मां के नाम मुहिम शुरू की है। मुहिम के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाएं। जगमेंद्र ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी गोहाना विस में 11 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य रखा।

## खन्दराई में बनेगा अंबेडकर भवन

- पूर्व मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 11 लाख रुपये देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव खन्दराई में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से भवन बनेगा। राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेश के पूर्व परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंच कर अंबेडकर भवन की आधारशीला रखी। समारोह की अध्यक्षता गांव के सरपंच ठेकेदार जय सिंह ने की। समारोह के विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष इन्द्रजीत उर्फ राजू विरमानी, समाजसेवी सुनील सैनी व जय सिंह गिल रहे। पूर्व मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अतिथियों व गणमान्य व्यक्तियों के साथ डॉ. अंबेडकर भवन की आधारशीला रखी। पूर्व मंत्री ने भवन के निर्माण के लिए सांसद निधि से 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। ग्राम पंचायत खन्दराई व संत शिरोमणी गुरु रविदास (चमार) सभा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करके उनका सम्मान प्रकट किया। ग्राम पंचायत के सरपंच ठेकेदार जय सिंह व ग्राम सुधार समिति खन्दराई के अध्यक्ष जगमहेंद्र सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। समारोह में गांव के गणमान्य व्यक्तियों सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


पूर्व मंत्री कृष्ण लाल पंवार को स्मृति चिह्न भेंट करते सरपंच जय सिंह व जगमहेंद्र खन्दराई।


पौधरोपण करते कांग्रेस नेता सुरेंद्र छिक्कारा एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### अभियान चलाकर पंद्रह पौधे रोपित किए

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा कांग्रेस नेता सुरेंद्र छिक्कारा के जन्मदिन के अवसर पर इंडस्ट्री एरिया में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र छिक्कारा ने कहा कि हर जागरूक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी बनती है अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधे लगाने चाहिए। जब तक वह वृक्ष नहीं बन जाते उनकी देखभाल करें ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज की मुहिम में फलदार व छायादार, नीम, बेलगिरी, आंवले के 15 पौधे लगाए। इस अवसर पर स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, बबला मलिक, रविंद्र हुडा, जीता पहलवान, हरिपाल मलिक, राहुल, अमित, चीकू, सोनू और सभी फुटबाल के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## पैदल कांवड़ियों व डाक कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी निर्देश जारी

# शिवरात्रि पर्व को लेकर जिला पुलिस ने प्रारंभ की तैयारियां

- मंदिरों में जलाभिषेक के दौरान पुरुष महिला पुलिस बल नियुक्त किए जाएंगे

### संवेदनशील चौराहों पर दिन-रात पुलिस के जवान नियुक्त रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्रावण मास में शिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार व नीलकंठ से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने रणनीति तैयार की है। इसके लिए पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही पैदल कांवड़ियों व डाक कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी निर्देश जारी किए है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र ने बताया कि जिले में ऐसे मार्ग चिन्हित किए जा रहे हैं जिन पर कांवड़ियों का आवागमन अधिक रहता है। इन मार्गों पर चौराहे चिन्हित किए जाएंगे। उन मार्गों पर पुलिस के जवान पैदल गश्त पर लगाए जाएंगे। मार्ग पर पुलिस पीसीआर व बाइक राइडर नियुक्त किए जाएंगे। संवेदनशील चौराहों पर दिन-रात पुलिस के जवान नियुक्त रहेंगे। साथ ही अधिक भीड़ वाले चौराहों पर थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व पर्यवेक्षण अधिकारी भी ड्यूटी पर रहेंगे। साथ ही शिवरात्रि पर्व पर सभी मंदिरों में जलाभिषेक के दौरान पुरुष व महिला पुलिस बल नियुक्त किए जाएंगे। कांवड़ियों को भी दिए विशेष निर्देशः पुलिस ने कांवड़ियों की सुगम यात्रा के लिए उनके लिए भी निर्देश जारी किए हैं ,पुलिस ने डाक कांवड़ियों को वाहनों पर डीजे लगाकर उसे ऊंची आवाज में नहीं बजाने की बात कही है।, कांवड़ियों को हॉकी, डंडे, बैट व अन्य हथियार लेकर चलने पर रोक लगाई है।, बिना परमिट के वाहनों के चलने पर पाबंदी।, वाहन में निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां बैठाने पर रोक रहेगी। पैदल कांवड़ियों को मार्ग के मध्य में न चलकर अपनी बाई तरफ सर्विस लेन पर चलने को कहा गया है। वाहनों के साइलेंसर निकाल कर नहीं चलने को कहा है।

### प्लान तैयार



कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर जरूरी कदम उठाने का प्लान तैयार किया गया है। मार्ग पर पुलिस पीसीआर व बाइक राइडर नियुक्त किए जाएंगे। किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जायेगा। *सितेंद्र गुप्ता, जिला पुलिस आयुक्त।*

### शिविर आयोजकों को भी निर्देश

पुलिस ने शिविर आयोजकों को सड़क से 50 फीट दूरी पर शिविर लगाने को कहा है। सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी लगाने को कहा गया है।शिविर में अतिरिक्त गंगा जल रखने को कहा गया है। कांवड़ शिविर सडक के बाएं तरफ लगाने को कहा गया है। बांस की बल्ली लगाकर अलग से लेन बनाने व लाउडस्पीकर का प्रयोग तेज आवाज में नहीं करने को कहा गया है। साथ ही साम्प्रदायिक संगीत नहीं बजाने को कहा है। शिविर में रुकने वाले श्रद्धालुओं के नाम व मोबाइल नंबर रखने को कहा गया है। -कांवड़ शिविर लगाने के दौरान आतिशबाजी नहीं करने, मेडिकल सुविधा, अग्निशमन सुविधा रखने, किसी धर्म विशेष की भावना आहत करने वाले पोस्टर न लगाने, कोई शस्त्र नहीं रखने का निर्देश दिया गया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सान्दल कलाँ व ग्राम पंचायत ककरोई में 1-1 ग्रामीण सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 18-07-2024 से 22-07-2024 तक खण्ड कार्यालय सोनीपत में आवेदन पत्र प्राप्त किऐ जाएंगे। सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतु दिनांक 23-07-2024 को प्रातः 11:30 बजे साक्षात्कार लिया जाएगा।

हस्ता/-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत।

## खबर संक्षेप

### सफर कर रही महिला के कान से झपटी बाली

**सोनीपत।** दिल्ली से सोनीपत के लिए सवारी गाड़ी में सफर कर रही महिला के कान से सोने की बाली झपटने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला के पति ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राजकीय रेलवे पुलिस ने पीड़ित महिला के पति के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव गांगोली सफिदों निवासी अजीत ने बताया कि वह अपनी पत्नी के मनीषा के साथ दिल्ली से सोनीपत जाने के लिए पैसेंजर सवार गाड़ी में सफर कर रहा था। उसी दौरान एक लड़का उसकी पत्नी के कान से सोने का बाली झपट कर ले गया।

### बास्केटबाल प्रतियोगिता में हर्ष ने लहराया परचम

**सोनीपत।** रतनगढ़ माजरा स्थित सर छोटूराम मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाडी हर्ष ने अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। बास्केटबाल कोच सागर व रितु ने बताया कि 13 व 14 जुलाई 2024 को कृष्णा पब्लिक स्कूल मेरठ में अंडर-17 आयु वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छोटूराम स्कूल के खिलाड़ी हर्ष ने सोनीपत की टोम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान दिलाया।

### 34 छात्राओं ने स्टायफंड सहित इंटर्नशिप हासिल की

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की 34 छात्राओं ने स्टायफंड के साथ विभिन्न स्कूलों में इंटर्नशिप हासिल की है। कुलपति प्रो. सुदेश ने चयनित छात्राओं को बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय छात्राओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयत्नशील है।


शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनु बल्हारा ने बताया कि विभाग की 34 छात्राओं को 30 स्कूलों, जिनमें एक सरकारी स्कूल भी शामिल है, में इंटर्नशिप करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इंटर्नशिप को-ऑर्डिनेटर डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि चयनित छात्राओं को इंटर्नशिप अवधि के दौरान स्टायफंड मिलेगा।

### कुछ दिन पहले गलती से निकाल दी गई थी एक महिला की दोनों किडनी

# नागरिक अस्पताल में किया प्रदर्शन किडनी ट्रांसप्लांट करने की मांग

### पिछले 50 दिनों से अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली में डायलिसिस पर रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन करते हुए मंच के पदाधिकारी एवं परिजन।

पिछले दिनों एक निजी अस्पताल में एक महिला की दोनों किडनी निकालने के मामले में परिजनों ने दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच के बैनर तले नागरिक अस्पताल में प्रदर्शन किया। कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव एवं मंच के प्रदेशाध्यक्ष राजीव वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व में हुए फैसले के अनुसार किडनी ट्रांसप्लांट करने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले दिनों एक निजी अस्पताल में वीणा नाम की महिला की दोनों किडनी निकाल दी गई थी। जिसकी शिकायत वीणा के परिवार जनों ने मुख्यमंत्री हरियाणा को भी की थी। जिस पर आज बोर्ड निर्धारित किया गया था और दोनों पक्षों को बुलाया गया था। इसमें डॉक्टर की गलती के कारण महिला को पिछले 50 दिनों से अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली में डायलिसिस पर रखा गया है। डॉक्टर ने कहा कि अब तक का खर्च उन्होंने उठाया है आगे खर्चे में उठा सकते। डॉक्टर की गलती के कारण ही उस महिला का खर्चा उनको उठाना पड़ रहा है। राजीव वर्मा ने कहा कि हमारे संगठन के साथी दिल्ली अस्पताल जाएंगे और पता करेंगे कि जब किडनी देने वाले तैयार है सभी डाक्यूमेंट्स जो जरूरी है वह दे चुके हैं तो अभी तक किडनी का ट्रांसप्लांट क्यों नहीं किया गया। कहीं ऐसा तो नहीं है कि जिन डॉक्टरों ने निजी अस्पताल में इलाज किया था, उन्हीं की मिली भगत हो और कहीं वह मरीज को अस्पताल में डायलिसिस पर ही खत्म करना चाहते हो? ताकि वह किडनी ट्रांसप्लांट के खर्चे से बच सके। इस मौके पर दीपक व परिनजों के अलावा दलित पिछड़ा शोषित आवाज मंच के सदस्य एडवोकेट प्रवीण नागर, देवेंद्र वर्मा, आनंद जैन, प्रेम सिंह चौहान, हर्ष अहलावत, तिलकराज, अपूव खान आदि सैकड़ो की संख्या में साथी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कैंप का निरीक्षण करने पहुंचें ग्रुप कमांडर का स्वागत करते हुए कैडेट्स।

## डिप्टी ग्रुप कमांडर अनिल ने किया कैंप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत में 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन सोनीपत के तत्वाधान में आयोजन किया जा रहा है। कैंप कमांडेंट कर्नल अनूप रावत ने बताया कि यह शिविर 11 जुलाई से 20 जुलाई तक चलेगा। जिसमें 531 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इस कैंप के माध्यम से कैडेट्स को अनुशासन, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग ,ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट ,बैटल क्राफ्ट एवं खेलों के साथ-साथ मिलिट्री ट्रेनिंग से रूबरू कराया जा रहा है। डिप्टी ग्रुप कमांडर अनिल कुमार झिंझारिया ने कैंप का निरीक्षण किया जिसमें कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने कैडेट्स के लिए चलाई जा रही क्लास का निरीक्षण किया तथा प्रोफेसर डॉ. नवीन कुमार मनोविज्ञान विभाग दिल्ली यूनिवर्सिटी ने कैंप में कैडेट्स को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की तथा उन्हें जीवन में कभी भी नकारात्मक ना रहने की प्रेरणा दी। कर्नल अनूप रावत ने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया तथा प्रोफेसर डॉ. नवीन कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## वायुसेना में अधिकारी बनने पर शुभम का गुरुकुल में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** पूर्व छात्र शुभम का स्वागत करते हुए प्राचार्या ज्योति मलिक।

गुरुकुल मटिंडू के पूर्व छात्र शुभम सुपुत्र सुभाष निवासी बिधलान ने अधिकारी के तौर पर वायु सेना में नियुक्ति पाई है। मंगलवार को विद्यालय में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत में किया गया। ज्ञातव्य है कि शुभम ने 2020 में गुरुकुल मटिंडू से 12वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ पास की थी। उन्होंने 9 वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को संबोधित किया और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सतत प्रयास, आशा और लगन किसी भी सफलता की कुंजी होती है। उन्होंने सभी अध्यापकों और प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने उनसे सेना में जाने के लिए तैयारी, पढ़ाई व शारीरिक अभ्यास इत्यादि के बारे में सवाल पूछे। विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत होने के बाद विद्यालय की तरफ से प्राचार्या और उप प्राचार्य ने शुभम को पौधा देकर सम्मानित किया।

## मांगों को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

■ काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ किया रोष-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए कर्मचारी।

पिछले काफी लंबे समय से सरकार द्वारा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा की मांगों पर उदासीन होने से रोषित राज्यभर के स्वास्थ्य कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का आगाज करते हुए सिविल सर्जन के माध्यम से मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। सोनीपत में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने जिला प्रधान विकास सहदेव आर्य सांगवान की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा। विकास संदलाना ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी वर्ग की मांगों की अनदेखी का आगामी विधानसभा चुनाव में भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सरकार द्वारा शीघ्र मांगों पर कार्यवाही न होने पर आगामी 4 अगस्त को प्रदेशभर के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मी मुख्यमंत्री हरियाणा के करनाल स्थित आवास पर रोष प्रदर्शन करेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के बाधित होने से आमजन को होने वाली हर प्रकार की जिम्मेवारी सरकार की होगी। एसोसिएशन के मांगपत्र की प्रमुख मांगें स्वास्थ्य विभाग के सभी वर्गों की तरह एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के पदनाम संशोधित करना, नए नॉर्म्स के नाम पर शहरी क्षेत्र के लिए एमपीएचडब्ल्यू वर्ग के समाप्त किए गए पदों को पुन बहाल करवाते हुए आईपीएचएस के न्यू नॉर्म्स और आबादी अनुसार नए पद सृजित किए जाएं साथ ही प्रदेश में 2018 के बाद रुकी एमपीएचडब्ल्यू पुरुष की भर्ती की जाए, नेशनल हेल्थ मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू को कैडर के मूल वेतनमान एफपीएल 6 का लाभ प्रदान किया। सरकार के साथ पूर्व में हुई सहमति अनुसार ड्रेस एलाउंस, एफटीए, एमसीएच अलाउंस प्रदान किया जाए, नेशनल हेल्थ मिशन में कार्यरत महिला एमपीएचडब्ल्यू को 5 वर्ष की सेवा को आधार मानते हुए नियमित करने हेतु पॉलिसी बनाई जाए, एमपीएचडब्ल्यू के प्रमोशनल पदों के पे स्केल जारी किए जाएं, एमपीएचडब्ल्यू की कन्फर्मेशन सूची,पदोन्नति पदों एमपीएचएस और सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर की प्रमोशन सूची जारी की जाए। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारी बबीता, सुनीता देवी, राकेश हुड्डा, आशुतोष, नवीन मुंडलाना, अश्वनी, प्रवीन कुमार, विरेंद्र बरोदा, कुलदीप बेदी, मुकेश माहरा, आनंद कुमार, मनजीत कादयान आदि उपस्थित रहे।

## 15वें दिन भी जारी रही सफाई कर्मचारियों की भूख हड़ताल



**सोनीपत।** सीटू के बैनर तले शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों का धरना व क्रमिक भूख हड़ताल 15वें दिन भी जारी रही। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता प्रधान अजय कुमार टॉक ने की, संचालन यूनियन कोषाध्यक्ष पवन ने किया। इस दौरान मांग उठाई गई कि ठेका प्रथा बंद की जाए, ठेका सफाई कर्मचारियों को निगम के रोल पे-रोल पर लिया जाए। यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम में हर महीने करोड़ों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। सफाई के नाम पर शहर को लूटा जा रहा है। शहर में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। गंदगी को देखते हुए सोनीपत शहर स्वच्छता अभियान की रैंकिंग में सबसे नीचे ले पायदान पर है। निगम के अधिकारी मोन बनकर बैठे हैं। धरने को सुनीता, पूनम, सन्नी, अमित, देवराज, मदन, अमित, सुदेश ने भी संबोधित किया।

### कहासुनी की रंजिश में दोस्त ने साथियों संग मिलकर किया हमला

■ ओल्ड डीसी रोड क्षेत्र निवासी पीड़ित पर हुडा पार्क के पास किया हमला

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र में कहासुनी की रंजिश में दोस्त ने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कोट मोहल्ला निवासी चांद वर्मा ने बताया कि वह शाम को करीब 2 बजे हुड्डा पार्क के सामने शनि मंदिर आया था। उसे उसका जानकार दोस्त मिल गया। उसके साथ तीन लड़के भी थे। उन्होंने उसका रास्ता रोक लिया। उसके बाद डांगर नाम के युवक ने उसके हाथ में लकड़ी का लठ था। उस पर लठ से हमला कर घायल कर दिया। वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। हमलावर उसके साथ मारपीट कर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नियुक्त किए गए जिला नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ नियमों के अनुसार चुनाव से संबंधित कार्य को सपन्न करवाएंगे : डॉ. मनोज

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. मनोज कुमार ने हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 को सुचारू, समयबद्ध एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार विभिन्न कार्यों के लिए जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि उक्त सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय जारी की गई हिदायतों और नियमों के अनुसार चुनाव से संबंधित कार्य को सपन्न करवाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मैनपावर मैनेजमेंट के लिए नगराधीश पूजा कुमारी व डीआईओ विशाल, ट्रेनिंग मैनेजमेंट के लिए सीईओ जिला परिषद सुशील कुमार, मटेरियल मैनेजमेंट के लिए वाटर डिवीजन सोनीपत के एक्सईएन गुलशन कुमार, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट के लिए आरटीए संजय कुमार व एमवीओ गुरप्रीत संधू, कम्प्यूटराईजेशन, साईबर सुरक्षा और आईटी के लिए डीआईओ विशाल व एडीआईओ विजय, स्वीप अभियान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा चुनाव के दौरान लॉ एंड ऑर्डर, वीएम व सिक्योरिटी प्लान के लिए डीसीपी हैड क्वार्टर, ईवीएम मैनेजमेंट के लिए नगर निगम से एक्सईएन विशाल गर्ग, एमसीसी के लिए नगर निगम की संयुक्त आयुक्त रेणूका, एक्सपेंडिचर मैनेजमेंट के लिए एमडी सुगर मिल सोनीपत संजय कुमार, बैल्ट, पोस्टल पेपर व ईटीपीबीएस के लिए डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार, कम्युनिकेशन प्लान के लिए नगराधीश पूजा कुमार, इलेक्ट्रोल रोल के लिए संबंधित ईआरओ, शिकायतों का निवारण व वोटर हैल्पलाईन के लिए नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा को जिला नोडल अधिकारी लगाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि ऑब्जर्वरों के लिए डीईटीसी(एक्साईज) नरेन्द्र कौशिक, बैल्ट पेपर की प्रिंटिंग के लिए नायब तहसीलदार राई अभिनव, चुनाव से संबंधित बैठकों की व्यवस्था के लिए नगराधीश पूजा कुमारी, जीपीएस इंस्टालेशन के लिए आरटीए से एमवीओ गुरप्रीत संधू, काउंटिंग सेंटर पर पार्किंग व्यवस्था के लिए तहसीलदार गोहाना जीवेन्द्र कुमार को नियुक्त किया।

### 20 करोड़ की राशि से विकास कार्य करवाने के लिए भेजा प्रस्ताव



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में सभी विधायकों को सड़कों की मरम्मत के लिए 25 करोड़ की राशि जारी की थी परन्तु दो साल बीतने के बाद भी यह खर्च नहीं हो सकी। लगभग 20 करोड़ रूपये की खर्च ना होने वाली राशि से विकास कार्य करवाने का प्रस्ताव पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने सरकार को भेजा है। इस बारे में कविता जैन ने बताया कि लगभग 5 करोड़ रूपये के प्रस्ताव की मंजूरी आ चुकी है और लोक निर्माण विभाग ने टेंडर भी लगा दिए हैं जिसमें बस स्टैंड से सेक्टर 14 रोड, रेलवे स्टेशन से लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, रेस्ट हाउस से उपरगामी पल, बहालगढ़ रोड पर बस स्टैंड से ड्रेन न० 6 तक, मिशन चौक से कालूपुर चुंगी, बड़वासनी से ट्रक यूनियन तक, सोनीपत नरेला रोड से राठधना तक सड़क के दोनों तरफ टायल लगाने और मरम्मत करने का कार्य शामिल है। उन्होंने बताया कि इसी तरह 12 करोड़ रूपये के और प्रस्ताव सरकार को भेजे गए हैं जिनमें सोनीपत महलाना रोड पर तारकोल की परत, ओल्ड डीसी रोड, बस स्टैंड से सेक्टर 14, सब्जी मंडी रोड, हिन्दू कॉलेज फ्लाई ओवर के नीचे टायल के स्थान पर सीमेंट की सड़क बनाना शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि विभाग के मुख्यालय से मंजूरी आते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### राजनीतिक कार्यक्रमों की भेंट चढ़ रही रोडवेज विभाग की लॉरी

# रोडवेज बसों को प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजा, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



बस अड्डे पर पहुंचे यात्रियों को बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा

जिले के सोनीपत डिपो व गोहाना सब डिपो से महेंद्रगढ़ में आयोजित अमित शाह की रैली में बसों को भेजा गया। जिसके चलते मंगलवार को परिवहन सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित नजर आई। लंबे रूटों पर जहां बसों के फेरे घटाए तो अधिकतर लोकल रूट दिन भर बंद रहे। बस अड्डे पर पहुंचे यात्री गर्मी के बीच बसों के लिए भटकते नजर आए। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों बसों का इंतजार करना पड़ा। अधिकतर लोकल रूट प्राइवेट बसों के सहारे रहे। एक साथ बड़ी संख्या में रोडवेज बसों को प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजने से दिन के समय बस अड्डे से बसें नदारद रही। जिसके चलते दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ा।

बता दें कि जिले में सोनीपत डिपो व सब डिपो गोहाना में रोडवेज बेड़े में मौजूदा समय में 214 बसें शामिल है, इनमें 136 बसें सोनीपत बस डिपो में और 78 बसें गोहाना सब डिपो में है। इनमें 63 बसें किलोमीटर स्कीम की भी शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के महेंद्रगढ़ में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन के लिए सोनीपत से 84 बसें प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजी गई हैं। इनमें 54 बसें सोनीपत बस अड्डे से तो 20 बजे गोहाना सब डिपो से भेजी गई है। सोनीपत से 25 बसें सोमवार शाम को ही नारनौल के लिए रवाना कर दी गई थी, जबकि 29 बसें मंगलवार सुबह जिले के विभिन्न गांवों से लोगों को लेकर महेंद्रगढ़ रवाना हुई। 84 बसों के प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजे जाने से जिले में परिवहन सेवाएं चरमराई रही। दोपहर के समय बस अड्डे पर विभिन्न रूटों पर जाने के लिए यात्रियों की भीड़ लगी रही, लेकिन बस अड्डे में बसें ही नहीं थी। अधिकतर लोकल रूट पूरी तरह प्राइवेट बसों के सहारे रहे। सोनीपत बस डिपो में मौजूद 52 बसों को सुबह ही विभिन्न लंबे व लोकल रूटों पर रवाना कर दिया था। ऐसे में बसें नहीं होने का जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। बस अड्डे पर पहुंचे यात्रियों को बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

### इन रूटों पर नहीं दिखाई दी रोडवेज की लॉरी

सोनीपत बस अड्डे से लंबे रूटों पर बसों के फेरे कम कर दिए तो अधिकतर लोकल बंद ही रहे। इनमें सोनीपत से दिल्ली वाया फरमाणा, सरगथल, नरेला, गन्नौर, बड़ौली, सफियाबाद, चटिया, रोहतक, उमेद गढ़, कुतुब विहार दिल्ली सहित अन्य रूट पूरी तरह बंद रहे। जबकि खानपुर कलां, गोहाना सहित कुछ रूटों पर नाममात्र ही बसें चली। जिससे यात्रियों को गंतव्य तक जाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

### आदेशों के चलते 62 बसों को भेजा गया

प्रशासनिक ड्यूटी भी निभानी होती है। विभाग की तरफ से मिले आदेशों के चलते 62 बसों को भेजा गया है। जिससे लोकल रूटों पर ज्यादा परेशानी रही। व्यवस्था बनाए रखने के लिए लंबे रूटों पर बसों के फेरे कम किए गए। जिस भी रूट पर यात्रियों की संख्या ज्यादा होती, उस रूट पर बस को रवाना किया गया है। यात्रियों को ज्यादा परेशानी ना हो, इसके लिए कारगर कदम उठाए गए है।

सुरेंद्र दुग्गल, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो, सोनीपत।